दिनांकः 24.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय सूचना और प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज प्रदेश के दौरे पर–रेलवे ट्रैक सुरक्षा प्रणाली–कवच का जायज़ा लेने के साथ ही कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत।
- राज्य सरकार ने 183 आर.ए.एस. अधिकारियों के किये तबादले।
- प्रदेश में लगभग 206 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से अटल प्रगति पथों के निर्माण को मंजूरी।
- जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर निलम्बित।

........................

केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे जयपुर में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे और प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा आयोजित भाजपा सदस्यता अभियान में भाग लेंगे। श्री वैष्णव जयपुर में गांधीनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का भी निरीक्षण करेंगे। केन्द्रीय मंत्री सवाईमाधोपुर से सुमेरगंज मंडी तक ट्रेन में यात्रा कर रेलवे ट्रैक सुरक्षा प्रणाली–कवच का जायजा लेंगे और सुमेरगंज मंडी से दिल्ली तक विंडो ट्रेलिंग भी करेंगे। –

........................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने कहा है कि भारतवंशियों ने अपनी परंपरागत विशेषताओं को स्थानीय सांस्कृतिक धारा में शामिल कर विदेशी राष्ट्रों को समृद्ध किया है। श्री बागडे कल कनाडा में आयोजित 'विदेश में भारतवंशी संस्कृति' विषय पर आधारित वेबिनार को राजभवन से संबोधित कर रहे थे। श्री बागडे ने कहा कि भारत के लोगों ने राष्ट्रीय और सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने प्रदेश के उन लोगों को भी याद किया, जिन्होंने विदेशों में जाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

........................

राज्य सरकार ने बड़ा फेरबदल करते हुए राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 183 अधिकारियों के तबादले किये हैं। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने कल आदेश जारी किये। जसवंत सिंह को मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव पद से हटाकर बीकानेर का अतिरिक्त संभागीय आयुक्त लगाया गया है। शंकर लाल सैनी को जलदाय मंत्री का विशिष्ट सहायक बनाया गया है। राजेश सिंह को पर्यटन विकास निगम का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। दाताराम को सामान्य प्रशासन विभाग का संयुक्त सचिव और प्रियंका जोधावत को संस्कृत शिक्षा विभाग के आयुक्त पद पर लगाया गया है। सूची में उपखंड अधिकारियों के ज्यादा संख्या में तबादले किये गये हैं।

........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों के बारे में।

........................

प्रदेश में लगभग 206 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से अटल प्रगति पथों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। उपमुख्यमंत्री और सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने ये स्वीकृति जारी करते हुए कहा कि बजट घोषणा 2024–25 के क्रम में 10 हजार से ज़्यादा की आबादी वाले गांवों में एक से तीन किलोमीटर लम्बी मुख्य सड़क को अटल प्रगति पथ के रूप में विकसित किया जाएगा। यह अटल पथ

सीमेंट कंक्रीट का बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बजट घोषणा में अटल प्रगति पथ के 52 कार्यों की स्वीकृति जारी की गई है।

.........................

केन्द्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 25 प्रतिशत चिन्हित स्वच्छता लक्षित इकाइयों – सीटीयू को स्वच्छ स्थानों में बदलकर, उनका सौंदर्यीकरण किया है। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि देशभर के पांच लाख से अधिक चुनौतीपूर्ण और उपेक्षित स्थानों को स्वच्छता अभियान के लिए लक्षित किया गया था। शहरी और ग्रामीण भारत की कायाकल्प के लिए 3 करोड़ से अधिक नागरिक स्वैच्छिक रूप से इसमें शामिल हो रहे हैं।

इधर, प्रदेश में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जैसलमेर और पाली में विभिन्न स्थानों पर लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगों को सफाई अभियान के बारे में जानकारी दी जा रही है। दुकानदारों और थड़ी, ठेलेवालों से कचरा पात्र रखने की अपील भी की जा रही है। नीम का थाना के राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय में एन.एस.एस. की स्वयं सेविकाओं और छात्राओं ने साफ–सफाई की। झालावाड़ में अभियान के तहत पिड़ावा के एक निजी स्कूल के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जिले के झालरापाटन में स्वच्छता रैली निकाली गई।

.........................

राज्य सरकार ने आदेश जारी कर जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर को निलंबित कर दिया है। श्रीमती गुर्जर पर सरकार के नोटिस का समय पर जवाब पेश नहीं करने पर ये कार्रवाई की गई। इससे पहले सरकार ने इस महीने की ग्यारह तारीख को महापौर मुनेश को नोटिस जारी किया था। महापौर ने इस नोटिस का तीन दिन बाद जवाब भिजवाया था। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने 18 सितंबर को दूसरा नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था। लेकिन जवाब नहीं आने पर उनके निलंबन के आदेश जारी किये गये। गौरतलब है कि महापौर के पति पर पट्टे देने की एवज में रिश्वत लेने का आरोप है। इस मामले में मुनेश गुर्जर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दोषी माना है।

.........................

करौली जिले की सूरोठ थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय डकैत गुलाब गुर्जर उर्फ गुल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। गुलाब सिंह के खिलाफ राजस्थान सहित उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश के विभिन्न थानों में डकैती, चोरी और लूट के एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

.........................

कोटा में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर कल रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई। इनमें एक महिला और एक बच्चा शामिल है। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

.........................